समाचार

तीर्थ यात्रियों को महापौर ने प्रदान किए परिचय पत्र

(05 मार्च को अजमेर शरीफ पुष्कर, आगरा चिस्ती की दरगाह के लिए रवाना होंगे तीर्थ यात्री)

कोरबा 03 मार्च 2016 –छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत नगर के वरिष्ठ नागरिक 05 मार्च को अजमेर शरीफ पुष्कर, आगरा चिस्ती की दरगाह की तीर्थ यात्रा हेतु कोरबा से रवाना होगें। आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इन तीर्थ यात्रियों को परिचय पत्र प्रदान किए तथा सकुशल यात्रा के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत 05 मार्च से 10 मार्च 2016 की अवधि में वरिष्ठ नागरिकों को अजमेर शरीफ पुष्कर, आगरा चिस्ती की दरगाह की तीर्थ यात्रा कराई जाएगी, नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र से इस यात्रा हेतु 17 तीर्थ यात्रियों का चयन किया गया है, यह तीर्थ यात्री 05 मार्च को दोपहर डेढ़ बजे कोरबा रेलवे स्टेशन से ट्रेन से रवाना होंगे तथा बिलासपुर पहुंचेगें, बिलासपुर से शाम 7 बजे विशेष ट्रेन तीर्थ यात्रा हेतु रवाना होगी। इन तीर्थ यात्रियों को आज महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में परिचय पत्र प्रदान किए तथा सकुशल यात्रा के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी। तीर्थ यात्रियों की वापसी आगामी 10 मार्च को होगी। इस यात्रा के तहत निगम क्षेत्र से जिन 17 तीर्थ यात्रियों को यात्रा कराई जाएगी, उनमें निगम के वार्ड क्र. 04 निवासी कुरेशा बेगम, मुमताज बेगम, सरफुन निशा, रिजवाना परवीन(सहायक), शेख रहमान, नसीम बेगम, मुमताज बेगम, साजदा परवीन (सहायक), रूकमणी सिंह, निकहत परवीन (सहायक), राजकुमार केशरवानी, मुमताज बेगम (सहायक), मो.हारून मेमन, वार्ड क्र. 26 निवासी नजीर मोहम्मद एवं नाजिया बेगम (सहायक), वार्ड क्र. 56 निवासी मोहरदास महंत तथा आनंद कुंवर महंत आदि शामिल हैं।

तीर्थ यात्रियों को परिचय पत्र प्रदान किए जाने के अवसर पर निगम के पूर्व सभापति संतोष राठौर, महिला कांग्रेस की प्रदेश संगठन मंत्री कुसुम द्विवेदी, शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान, जे.सी.रेट विंग की अध्यक्षा पूर्णिमा सोनी, कोआर्डिनेटर सुरेश चावलानी, कविता सुनालिया, संजय झा, चन्द्रकांत यादव, आदि उपस्थित थे।